रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्षः01 | अंकः27 | शनिवार,27 सितम्बर



## ब्रीफ न्यूज

### राज्यपाल ने लाल कृष्णु आडवाणी से की मुलाकात

एजेंसी

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी से शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने आडवाणी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

### राज्य के विभिन्न जिलों में 30 सितंबर और एक अक्टूबर कोबारिश की संभावना

एजेंसी

रांची। झारखंड के विभिन्न जिलों में 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को दी गयी है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मंझरी में 21 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 34.6 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, बीच-बीच में धूप भी खिली रही। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री, जमशेदपुर में 32.7डिग्री, डालटेनगंज में 30.4 डिग्री, बोकारो में 33.2 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्रीसेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### गिरिडीह में हुआ सड़क हादसा, 4 लोगों की गई जान, कई घायल

शुक्रवार को गिरिडीह जिले के टुंडी मुख्य मार्ग पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र में भीषण दुर्घटना हुई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बड़कीटांड़ मोड़ के समीप ट्रक व पिकअप में आमने-सामने टक्कर से हुआ, जिसमें पिकअप वैन में सवार लोग ट्रक के नीचे दब गए। बताया जाता है कि दोपहर में हुई घटना के बाद ट्रक पलट गया, जबकि वैन भी पलट कर सीधी हो गई। मृतकों में एक गिरिडीह के मनकडीहा व शेष ताराटांड़ थाना के रानीटांड़ गांव निवासी थे। सभी दुर्गा पूजा में घर जा रहे थे। इनमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिसमें दो धनबाद के निरसा निवासी हैं।

## मुख्यमंत्री ने आरआर स्पोर्टिंग क्लब और पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का किया उद्घाटन

### मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा से समस्त राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, प्रगति एवं खुशहाली की कामना की

संवाददाता। रांची

रांचीःरांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को रांची के रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब और हरमू स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मां दुर्गा के दरबार में शीश नवाकर समस्त राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया के प्रतिनिधियों को

सम्बोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का उत्साह चरम पर है। रिमझिम बारिश के बीच सभी मातारानी के भक्त काफी उमंग और उत्साह के साथ दशहरे



का पावन त्योहार मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में मां दुर्गा की कृपा हमेशा बनी रहे। झारखंड प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर झामुमो के प्रवक्ता विनोद पांडेय, मनोज पांडेय, विक्की यादव सहित समिति के अन्य लोग मौजूद थे।



शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मातारानी के दरबार में शीश नवाकर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, प्रगति और खुशहाली की

**शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मातारानी के दरबार में शीश नवाकर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, प्रगति और खुशहाली की कामना की।**

### बिहार में महिला रोजगार योजना लॉन्च करने के बाद पीएम मोदी बोले

## आपके दो भाई- नरेंद्र और नीतीश

### 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये हस्तांतरित

एजेंसी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि यानी कुल 7,500 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सपनों को पूरा करने और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए योजना का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में उन्हें बिहार की नारी शक्ति के साथ उनकी खुशियों में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाई की खुशी तभी होती है जब उसकी बहन स्वस्थ, सुखी और आत्मनिर्भर हो। यही भावनाएं उन्हें और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महिलाओं के हित में योजनाएं लाने के लिए प्रेरित करती हैं। आज आपके दो भाई- नरेन्द्र और नीतीश- दोनों मिलकर आपकी सेवा, आपकी समृद्धि और आपके स्वाभिमान के लिए काम कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना भी इसी का उदाहरण है। हर परिवार की एक महिला को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार इतना गहरा था कि दिल्ली से भेजा गया एक रुपया भी पूरा लाभार्थी तक नहीं पहुंचता था। उन्होंने याद दिलाया, एक पूर्व प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से अगर एक रुपया भेजा जाता है तो केवल 15 पैसा ही जनता तक पहुंचता है, बाकी 85 पैसा पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये आपके खातों में भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में अराजकता, नक्सली हिंसा और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार बिहार की महिलाओं को झेलनी पड़ी। मोदी ने कहा, वो दिन याद कीजिए जब बिहार की सड़कें टूटी-फूटी थीं, पुल-पुलिया गायब थे। बाढ़ के समय गर्भवती महिलाएं अस्पताल नहीं पहुंच पाती थीं। आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है और महिलाएं बेखौफ होकर घरों से निकल पा रही हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती देगी। देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 'अब तक दो करोड़ से अधिक बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनकी मेहनत से गांव और समाज का चेहरा बदला है और परिवार का रुतबा भी बढ़ा है।' उन्होंने बताया कि केंद्रसरकार की मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान और बैंक दीदी अभियान भी महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं।

#### जन-धन योजना का किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से अब तक 75 लाख बहनें जुड़ चुकी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब कोई महिला रोजगार या स्वरोजगार करती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान और बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि यदि 11 साल पहले जनधन योजना न चलाई गई होती और महिलाओं के बैंक खाते न खुले होते, तो आज इतने बड़े पैमानेपर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) संभव नहीं होता। उन्होंने कहा,बैंक खाते को मोबाइल से जोड़ने की वजह से ही बिना किसी बिचौलिए के यह राशि सीधे आपके पास पहुंची है।

## दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी

नई दिल्लीःअगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली होने से स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक और निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा। एक अक्टूबर से दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद अधिकांश दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई और बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत नीचे आ गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखने को मिली। बता दें कि ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित नकर रही हो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है जिससे



सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। श्री ट्रंप ने गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा कि 01 अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जायेगा। इससे सिर्फ उन्हीं कंपनियों को छूट मिलेगी जो अमेरिका में अपना ₹संयंत्र लगा रहे हैं₹। उन्होंने स्पष्ट किया कि ₹संयंत्र लगा रहे हैं₹ से तात्पर्य यह है कि उन्होंने अमेरिका में अपने संयंत्र का शिलान्यस कर दिया है या संयंत्र निमार्णाधीन है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला, बुजुर्ग को दिलाया हक

## मां–बाप की संपत्ति से बच्चे कभी भी बेदखल हो सकते हैं

एजेंसी

नई दिल्लीःबच्चे कभी भी बेदखल किए जा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने पैतृक संपत्ति पर अहम फैसला सुनाया. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बैंच ने एक बुजुर्ग को मालिकाना हक दिलाया. बुजुर्ग के बेटे ने अपनी पैतृक जायदाद पर कब्जा कर लिया था और अपने पिता को भी उनमें प्रवेश की इजाजत नहीं दे रखी थी. अभागे पिता
ने बेटे के खिलाफ कोर्ट का रुख किया



था. सुप्रीम कोर्ट ने बेटे को पिता की संपत्ति खाली करने का आदेश दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में क्या कहा :मां-बाप के अधिकार बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परेंट्स और सीनियर सिटीजंस अपनी संपत्ति से बच्चों को कभी भी बेदखल कर सकते हैं. भरण-पोषण एवं कल्याण एक्ट 2007 के तहत गठित ट्रिब्यूनल को परेंट्स और सीनियर सिटीजंस को ऐसे बच्चों को संपत्ति से बेदखल करने का अधिकार देता है जो उन्हें रहने-खाने की जिम्मेदारी देने से भागें. सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के इस मामले में बड़े बेटे के खिलाफ बेदखली के आदेश को भी पलट दिया.बुढ़ापे में देखभाल की जिम्मेदारी नहीं।

## एशिया कप 2025: सुपर ओवर में भारत की रोमांचक जीत, श्रीलंका को हराया

एजेंसी

दुबई। भारत ने सुपर-ओवर में श्रीलंका को पहली ही गेंद पर 3 रन दौड़कर हरा दिया है। अपनी-अपनी पारी में दोनों टीमों ने 202 रन बनाए थे। सुपर-ओवर में अर्शदीप सिंह ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिर्फ 2 रन बनाने दिए। इसी के साथ 2025 एशिया कप में टीम इंडिया का अजेय रिकॉर्ड बरकरार है, जबकि श्रीलंका सुपर-4 में एक भी मैच नहीं जीत सकी। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सामने 203 रनों का टारगेट रखा था। श्रीलंका ने इस टारगेट को हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन अंत में वह भी 202 रन ही बना पाए। भारतीय टीम की तरफ से अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की तरफ से पथुम



निसंका सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 107 रन बनाए। सुपर ओवर की बात करें तो वहां श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। श्रीलंका की टीम को पहली गेंद पर पहला झटका लगा। कुसल परेरा बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद दूसरी गेंद पर कमिंडु मेंडिस ने एक रन लिया। इसके बाद तीसरा गेंद शनाका ने डॉट खेला। इसके बाद अर्शदीप ने एक वाइड गेंद फेंकी, अगली गेंद पर भी शनाका ने कोई रन नहीं लिया। पांचवीं गेंद पर दसुन शनाका जितेशशर्मा के हाथों कैच आउट हो गए।

**न्यूज स्टडी** | स्ट्रांग डिफेंस दुश्मन की हर ताकत को करारा जवाब देने का व्यापक प्लान

# इंडियन आर्मी के ढांचे को और सशक्त बनाने का रोडमैप तैयार

एजेंसी

**चंडीगढ :** वायु सेना ने अपनेलड़ाकू विमानों के बेड़े की शान और सबसे ताकतवर विमान रहे मिग-21 लड़ाकू विमान को शुक्रवार को यहां उत्साह और जोश के साथ गौरवपूर्ण विदाई दी। वायु सेना की अब तक की शौर्य गाथा के नायक रहे मिग-21 को 62 वर्ष पहले चंडीगढ एयर बेस में ही 28 स्क्वैड्रन में वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया था और आज उसी चंडीगढ एयरबेस से इस विमान ने अपनी अंतिम उडान भरी और लैंडिंग की। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने स्वयं मिग-21 विमान में उडान भर उसे अंतिम सलामी दी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ,प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान , नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी तथा अन्य गणमान्य हस्तियां और मिग- 21 के पूर्व पायलट



भी मौजूद थे। इस अवसर पर देश में ही बने तेजस लड़ाकू विमान ने मिग -21 के साथ उडान भरी और प्रतीकात्मक रूप से मिग-21 ने भारतीय आसमान की रक्षा की जिम्मेदारी तेजस को सौंपी। अन्य विमानों ने भी उडान भर कर आसमान से मिग-21 को सलामी दी। बाद में आज उडान भरने वाले सभी मिग-21 विमानों को पारंपरिक सम्मान के रूप में वाटर कैनन सलामी भी दी गयी। इसके बाद विमान की कॉकपिट से बाहर निकलकर सभी पायलटों ने परंपरानुसार अपने अपने विमानों का निरीक्षण किया। ये विमान अब विरासत उडान का हिस्सा बन जायेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने सभी पायलट से मुलाकात की। अंत में मिग-21 विमानों के रख रखाव के दस्तावेज वायु सेना प्रमुख को सौंपे गये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर सेना डाक सेवा के विशेष दिवस आवरण को जारी किया। इस आवरण पर मिग-21 विमान की तस्वीर अंकित है। इस आवरण पर श्री सिंह ने भी हस्ताक्षर किये। वायु सेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को मिग-21 विमान का ए हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता ने साबित कर दिया कि दुश्मनों ने भारत की ओर आंख उठाई तो करारा जवाब मिलेगा। इस ऑपरेशन को सफल अंजाम तक पहुंचाने केसमय कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। अब इनसे निपटने के लिए गंभीरता के साथ भारतीय सेना को और मजबूती प्रदान करने कीरणनीति पर काम शुरू हो चुका है।

## आईएएफ के लड़ाकू विमान मिग-21 ने भारतीय आसमान में आखिरी बार भरी उड़ान

संवाददाता रांची

**चंडीगढ :** शुक्रवार को छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान-गुरेविच मिग-21 ने अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। इस मौके पर सूरज चमक रहा था, आसमान साफ और चमकदार नीला था, जो 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए रूसी मूल के युद्धक विमान को भव्य विदाई देने के लिए एक आदर्श नजारा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग-21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते हुए कहा कि इस विमान के प्रति गहरा लगाव है, जिसने



हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है। मंत्री ने कहा, 'मिग-21' केवल एक विमान या मशीन ही नहीं है, बल्कि यह भारत-रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है। सिंह ने समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, सैन्य विमानन का इतिहास अद्भुत है। मिग-21 ने हमारी सैन्य विमानन यात्रा में कई गौरवपूर्ण क्षण जोड़े। उन्होंने कहा, विश्व के सैन्य विमानन के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कोई लड़ाकू विमान नहीं बनाया गया है। सिंह ने कहा कि विश्व में 11,500 से अधिक मिग- 21 विमान बनाए गए और उनमें से 850 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। उन्होंनेकहा, यह संख्या इस विमान की लोकप्रियता, विश्वसनीयता और बहुआयामी क्षमता का प्रमाण है।

# राजधानी रांची के दुर्गा पूजा पंडालों में कहीं कठपुतली तो कहीं स्वामीनारायण मंदिर का प्रारूप देख श्रद्धालु हो रहे मंत्रमुग्ध

रांची, संवाददाता ।



शारदीय नवरात्र को लेकर राजधानी रांची का माहौल भक्तिमय हो गया है. शहर की अलग-अलग पूजा समितियों ने इस वर्ष एक से बढ़कर एक थीम पर पूजा पंडालों का निर्माण कराया है. किसी पंडाल में लोक कला की झलक देखने को मिल रही है तो कहीं भव्य मंदिरों के प्रारूप पर बने पंडाल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं. कुछ पूजा पंडालों के पट खुल चुके हैं, वहीं कई पंडाल पंचमी और षष्ठी यानी बेलवरण के अवसर पर खुलेंगे.

**कठपुतली और ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर पंडाल**

बूटी मोड़ स्थित महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति का ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न थीम पर बना पूजा पंडाल रांची में चर्चा का विषय बना हुआ है. वहीं शहर के अलग-अलग इलाकों में अनूठे पूजा पंडालों का निर्माण किया गया है. ज्योति संगम पूजा समिति ने इस साल अपने पंडाल को कठपुतली थीम पर सजाया है. पंडाल के अंदर और बाहर रंग-बिरंगी कठपुतलियां लगाई गई हैं. रोशनी और सजावट के बीच यह पंडाल लोक कला और परंपरा की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है. पूजा समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार बच्चों और युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों को भी कठपुतली थीम पर बना पंडाल काफी पसंद आ रहा है.

**पूजा पंडाल अनेकता में एकता का दे रहा संदेश**

वहीं बांधगाड़ी पूजा समिति ने अनेकता में एकता थीम पर पंडाल का निर्माण करवाया है. यहां अलग-अलग संस्कृतियों, परंपराओं और राज्यों की झलक एक ही छत के नीचे दिखाई गई है. पंडाल में प्रवेश करते ही श्रद्धालु अलग-अलग संस्कृति के स्वरूपों को देखते हैं और अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा तक पहुंचते हैं. पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि देश की विविधता और एकता को श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत करना इस बार की खास कोशिश है. यह पंडाल 28 सितंबर को श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा और इसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है.

**स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप पर पूजा पंडाल**

वहीं श्री राम लाल पूजा समिति ने इस बार गुजरात के भुज स्थित स्वामीनारायण मंदिर के प्रारूप पर पूजा पंडाल का निर्माण कराया है. पत्थर जैसे दिखने वाले सजावटी डिजाइन और कलात्मक नक्काशी इस पंडाल को बेहद खास बना रही है. इस पूजा पंडाल का पट खोल दिया गया है और खास बात यह रही कि इस पूजा पंडाल का उद्घाटन कुंवारी कन्याओं द्वारा कराया गया है. उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और कन्याओं द्वारा पूजा पाठ से पूरे वातावरण में भक्ति का रंग भर गया.

**शीशमहल और हवामहल की थीम पर पंडाल**

इसके अलावा शहर में इस बार शीशमहल और हवामहल जैसी संरचनाओं को भी पंडालों के रूप में तैयार किया गया है. इनकी खासियत यह है कि श्रद्धालु अंदर प्रवेश करते ही चमकदार शीशों और रंगीन कांचों से सजे भव्य आंतरिक हिस्से को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं. वहीं हवामहल जैसी संरचना में खुले झरोखे और राजस्थान की पारंपरिक झलक श्रद्धालुओं को एक अलग ही अनुभव दे रही है.

**नवरात्र का उल्लास चरम पर**

पूरे शहर में नवरात्र का उल्लास इस समय चरम पर है. श्रद्धालु सुबह से ही अलग-अलग पंडालों में पहुंच रहे हैं और देर शाम तक भीड़ लगातार बनी रहती है. लोग न सिर्फ मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं, बल्कि पंडालों की कला, डिजाइन और थीम को देखकर भी खासे उत्साहित हैं. रांची के निवासी ही नहीं, आसपास के जिलों और ग्रामीण इलाकों से भी लोग इन पंडालों को देखने आ रहे हैं. सुरक्षा-व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन की ओर से भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं. यातायात पुलिस ने भीड़ नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए खास योजना बनाई है. वहीं पूजा समितियों ने भी स्वयंसेवकों की टीम लगाई है, जो श्रद्धालुओं की मदद कर रही है. नवरात्र के अवसर पर राजधानी रांची का हर कोना भक्ति और उल्लास से सराबोर है. इस बार के पंडालों में जहां परंपरा और भक्ति की झलक मिल रही है, वहीं देशभक्ति और आधुनिकता का भी संगम देखने को मिल रहा है. श्रद्धालु हर पूजा पंडाल में अलग-अलग अनुभव लेकर लौट रहे हैं और यही वजह है कि इस बार की दुर्गा पूजा राजधानी के लिए खास बन गई है.

# झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने मनाया दिनकर जयंती

रांची, संवाददाता ।



झारखंड हिंदी साहित्य साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। राज रामगढ़ी द्वारा माँ शारदे की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ जे.बी.पाण्डेय (हिंदी विभाग अध्यक्ष राँची विश्वविद्यालय) एवं सम्मानित अतिथि के रूप में मनीषा सहाय सुमन शोभायमान रहीं। वक्ता डॉ पाण्डेय ने राष्ट्रकवि दिनकर को आग, राग से वैराग्य तक के कवि, भारतीय संस्कृति के अग्रदूत, राष्ट्र कल्याण के धर्मनिष्ठ साधु, प्रेम और श्रृंगार के अद्भुत गायक एवं विकृतियों के अभिशाप में प्रचंड पौरुष के तप तेज वाले महाकवि कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की जिन्होंने ₹हिंदी साहित्य में दिनकर के गद्य एवं पद्य दोनों क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं आधुनिक युग के वीररस एवं राष्ट्रबोध के सर्वश्रेष्ठ कवि, उदार-दृष्टि-संपन्न इतिहासकार तथा अप्रतिम गद्यकार पर विस्तृत एवं सारगर्भित व्याख्यान देकर कार्यक्रम का मान बढ़ाया। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने राष्ट्रकवि को राष्ट्र चेतना के प्रखर पुरुष एव? राष्ट्रभक्ति के नव धर्म प्रणेता बताया। मंच संरक्षक विनय सरावगी के स्नेहिल संरक्षण में मंच दिनोंदिन प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम संयोजन मंच संयोजिका ममता मनीष सिन्हा ने तथा संचालन अर्पणा सिंह ने किया। मीडिया संयोजन पूनम वर्मा एवं मंच मीडिया प्रभारी ऋतुराज वर्षा ने किया। जिन कवि-कवयित्रियों ने अपनी कविता से इस कार्यक्रम को सार्थक बनाया, उनमें निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, प्रो.जे.बी. पाण्डेय, विनोद सिंह गहरवार, मनीषा सहाय सुमन, हिमकर श्याम, ममता मनीष सिन्हा, ऋतुराज वर्षा, डॉ सुरेंद्र कौर नीलम, नेहाल हुसैन सरैयावी, अनीता रश्मि, अर्पणा सिंह, पूनम वर्मा,डॉ उर्मिला सिन्हा,गीता सिन्हा गीतांजलि, डॉ रेणुबाला धार,राज रामगढ़ी, कामेश्वर सिंह कामेश, गीता चौबे गूंज, सुनीता अग्रवाल पिंकी, करुणा सिंह, हास्य कवि नरेश बांका (श्रोता) के नाम प्रमुख हैं। कार्यकम अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव के अध्यक्षीय संभाषण एवं डॉ सुरेंद्र कौर नीलम के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मांडर, चान्हो और बेड़ों में शांति समिति बैठक में शामिल हुए बंधु तिर्की

रांची, संवाददाता ।



कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की आज मांडर, चान्हो और बेड़ों में आयोजित शांति समिति की बैठकों में शामिल हुए. बैठकों में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई. बंधु तिर्की ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना और उपासना में भक्त लीन होने को तैयार हैं, ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए. उन्होंने विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया. पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से सुरक्षा और स्वच्छता दोनों पर अलर्ट रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हर किसी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी. बैठक में सभी थाना प्रभारी, पूजा समिति के पदाधिकारी के साथ अजीत सिंह, प्रमोद लाल, मोहम्मद इस्तियाक, मांगा उरांव, करमा उरांव और उप प्रमुख मोद्दसिर हक भी मौजूद रहे.

# रांची जेल में रेड : हर बार की तरह सब कुछ मिला सामान्य

रांची, संवाददाता ।



राजधानी रांची में एक बार फिर से जेल में छापेमारी कर पुलिस और प्रशासन के द्वारा कोरम पूरा कर लिया गया. जेल से ही आपराधिक गतिविधियों का संचालन होता आया है. लेकिन जब भी रांची जेल में छापेमारी होती है सब कुछ सामान्य मिलता है.

**औचक छापेमारी में चाकू और कैंची बरामद**

रांची पुलिस और जिला प्रशासन ने शुक्रवार की सुबह रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कई घंटों तक सघन छापेमारी की. छापेमारी के दौरान पुलिस को कोई भी आपत्तिजनक सामान जेल के अंदर नहीं मिला. जिला प्रशासन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान जेल के अंदर कुख्यात कैदियों सहित अन्य सभी कैदियों के वार्डों को खंगाला गया.

**चाकू और कैंची बरामद**

प्रशासन और पुलिस की टीम ने अलग-अलग टीम बनाकर जेल के सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल और यहां तक कि जेल अस्पताल की भी गहन जांच की. जेल का चप्पा-चप्पा छान मारा गया लेकिन कहीं से भी किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली, हां जेल के अंदर से चाकू और कैंची जरूर बरामद की गई है.

**डीसी-एसएसपी के निर्देश पर रेड**

जिला प्रशासन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर यह छापेमारी अभियान किया गया है. अभियान को सिटी एसपी पारस राणा और सदर एसडीओ उत्कर्ष गुप्ता ने लीड किया. छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक, सदर, कार्यपालक दंडाधिकारी, रांची, थाना प्रभारी सदर, एसडीओ खेलगांव, इसके अतिरिक्त 12 सब इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे.

**जेल में सब कुछ सामान्य पाया गया**

लगभग तीन घंटे तक चली इस लंबी रेड के बावजूद, पुलिस को जेल के भीतर से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु या सामग्री बरामद नहीं हुई. प्रशासन के अनुसार, जेल के भीतर सब कुछ सामान्य और नियंत्रण में पाया गया. हर बार की तरह इस बार भी जेल में शांति व्यवस्था बनी रही और किसी तरह की अवैध गतिविधि या सामग्री का खुलासा नहीं हुआ.

# झारखंड सरकार ने रद्द की आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा 2023

रांची, संवाददाता ।

झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को रद्द कर दिया है. विभाग द्वारा जारी संकल्प संख्या-3433 दिनांक 28.08.2025 के अनुसार अब राज्य में पुलिस, कक्षपाल, गृह रक्षा वाहिनी सिपाही एवं उत्पाद सिपाही की नियुक्तियां 'संयुक्त भर्ती नियमावली-2025' के तहत की जाएंगी.

**निर्णय के प्रमुख बिंदु**

झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा-2023 हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या-17/2023 को रद्द कर दिया गया है. इसके साथ ही भर्ती हेतु भेजी गई अधियाचना भी वापस ले ली गई है. नई नियमावली लागू होने के बाद ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी.

जिन अभ्यर्थियों ने पहले परीक्षा शुल्क जमा किया था उन्हें आगामी प्रथम संयुक्त भर्ती परीक्षा में शुल्क से छूट दी जाएगी. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) आवेदन प्रक्रिया में इस सुविधा को सुनिश्चित करेगा.

भविष्य में होने वाली संयुक्त भर्ती परीक्षा में सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में अतिरिक्त छूट दी जाएगी. उम्र की गणना के लिए 01.08.2019 को आधार तिथि माना जाएगा - जो कि पूर्ववर्ती विज्ञापन संख्या-17/2023 में दी गई थी.

# स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका : पारस हॉस्पिटल

## हर साल 25 सितंबर को मनाया जाता है विश्व फार्मासिस्ट दिवस

रांची, संवाददाता ।



फार्मासिस्टों के योगदान को सराहने के लिए हर साल 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका का सम्मान करना है। धुर्वा स्थित पारस एचईसी अस्पताल में इस वर्ष भी 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया जिसमें उनका योगदान की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया ' वर्ष 2025 का थीम ₹स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें₹ है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका बहुत अहम होती है। फार्मासिस्ट का मतलब दवा की सप्लाई चैन सिस्टम को मजबूत करना है। फार्मासिस्ट, दवाओं के बारे में सबसे ज्यादा जानते हैं। फार्मासिस्ट, मरीजों को दवाएं लेने के बारे में सलाह देते हैं और दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में चेतावनी देते हैं। फार्मासिस्ट, दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पारस हॉस्पिटल के सीनियर मैनेजर अनूप ठाकुर ने कहा एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्य करता है, जिसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, एक्सपायरी डेट और दवाओं की उपलब्धता आदि शामिल है, ताकि किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर इसका कोई गलत प्रभाव न पड़े।

# आर एंड डी यूनियन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न



रांची, संवाददाता ।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील लिमिटेड में आर एंड डी यूनियन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सभी कर्मचारियों ने इस चुनाव में बढ़ झ्र चढ़ कर हिस्सा लिया । इस चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमे यूनियन के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार झा, महासचिव श्री उज्जल मण्डल, कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार, उपाध्यक्ष श्री अजित कुमार डे एवं सचिव श्री के. पी॰ पात्रा एवं श्री विजय कुमार का चयन किया गया नवनिर्वाचित यूनियन के सभी कार्यकारी सदस्य ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। साथ ही कार्यस्थल पर सुविधाओं को पहले से बेहतर बनाने, कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देने और प्रबंधन के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में नई पहल करेंगे।

# मनरेगा में अस्तित्व विहीन दुकानों से सप्लाई का भंडाफोड़

रांची, संवाददाता ।



मनरेगा में अस्तित्व विहीन दुकानों से सामग्रियों की सप्लाई का भंडाफोड़ हुआ है. जिला स्तर पर की गयी जांच के बाद मिले तथ्यों के आधार पर ग्रामीण विकास विभाग से कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है. हालांकि जिला स्तर पर पहले इन दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गयी थी. लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसमें बदलाव किया गया है. उल्लेखनीय है कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में अस्तित्व विहीन दुकानों से सप्लाई करने की शिकायत मिलने के बाद गुमला जिला प्रशासन ने जांच का आदेश दिया था. इस प्रशासनिक आदेश के आलोक में जिले के कुछ प्रखंडों ने अपने-अपने प्रखंडों में मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में सामग्रियों की सप्लाई करने वाले प्रतिष्ठानों की जांच की. जांच के दौरान प्रखंड के अधिकारियों से संबंधित दुकानों के पता पर गये. इसमें कुछ प्रतिष्ठान मिले. जबकि कुछ प्रतिष्ठिान सप्लाई से जुड़े दस्तावेज में दर्ज पते पर नहीं मिले. तीन प्रखंडों में जांच के दौरान मनरेगा में सप्लाई करने वाले छह प्रतिष्ठान अपने पते पर नहीं पाया गये.

इसमें मेसर्स राम साहू, मेसर्स जेजे ट्रेडर्स, मेसर्स भुनेश्वर साहू, मेसर्स माधुरी सेल्स एंड सप्लाई, मेसर्स महबूब आलम, मेसर्स शंभु इंटरप्राइजेज का नाम शामिल है. जांच दल में शामिल सदस्यों ने अस्तित्व विहीन दुकानों से मनरेगा योजना में सप्लाई करने की घटना को नियम विरुद्ध माना. इन दुकानों ने सप्लाई की गयी सामग्रियों पर निर्धारित दर से ऋष्ळ भी नहीं दिया है. प्रखंडों से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पहले इन कागजी प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गयी. हालांकि बाद में इसमें बदलाव करते हुए ग्रामीण विकास विभाग से कार्रवाई करने की अनुरोध किया गया. इस मामले में जिला प्रशासन की ओर से लिखे गये पत्र में कहा गया कि अस्तित्व विहीन दुकानों से सामग्रियों की आपूर्ति करना अनियमित है. ऐसे में मनरेगा आपूर्तिकताओं द्वारा ही समय पर राजस्व का भुगतान नहीं किया जाता है. भविष्य में ढूंढने पर दुकान मिलते ही नहीं हैं. ऐसी परिस्थिति में इन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने में परेशानी होती है. इसलिए इस मामले में सरकार अपने स्तर से फैसला करे.

# शारदीय नवरात्र पर श्याम मंदिर में विविध कार्यक्रम होंगे आयोजित

रांची, संवाददाता ।



शारदीय नवरात्र के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मां भगवती का पूजन अनुष्ठान विधि पूर्वक मंदिर के आचार्य ने यजमान संजीत चौधरी एवं रंजना चौधरी से करवाया । नवरात्र के दैनिक पूजन के बाद बाबा श्याम की श्रृंगार आरती होती है। इसके बाद देवी दुर्गा की आरती में मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा एवं अनेक भक्त उपस्थित रहते हैं। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मंदिर में एकम से नवमी तक मां जगत जननी का विधि विधान से पूजा अनुष्ठान एवं प्रातः एवं संध्या कालीन आरती होती हैं।

**खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार**

अश्विन अमावस्या के महास्नान के बाद आज खाटूनरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में संपन्न हुआ ।कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए लाल गुलाब डच गुलाब जिप्सी माला रजनीगंधा फूल पीला गेंदा फूल मॉर्गन फुल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम श्रंगार किया गया। संध्या 5:30 बजे के उपरांत भक्तों ने बाबा के केसर चंदन तिलक श्रृंगार के दर्शन किए। श्याम बाबा को नवीन पोशाक बागा पहनाकर रूह के इत्र से मसाज कर पंचमेवा का भोग लगाया गया। केशर चंदन तिलक श्रृंगार के पश्चात पंचमेवा का प्रसाद वितरण मण्डल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने किया। मां भगवती की संध्या कालीन आरती एवं गोपाल भोग आरती में सैकड़ो भक्तों ने अपनी हाजरी लगाई। शनिवार 27 सितंबर को 172 वे श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया है मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को श्री श्याम भंडारे में आमंत्रित किया है।

**श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा**

नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन 30 सितंबर को 173 वा सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया जाएगा। सुनील मोदी अपने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। महानवमी के अवसर पर प्रातः 7:15 बजे से नवमी पूजन अनुष्ठान कराया जाएगा। इसके बाद दैनिक आरती पाठ एवं हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। हवन पूणार्हुति के बाद नवकन्याओं का पूजन भोजन प्रसादी एवं उपहार समर्पण किया जाएगा।

**भक्तशिरोमणि आलू सिंह जी महाराज की पुण्यतिथि**

दिनांक 2 अक्टूबर प्रातः 9:15 बजे से भक्त शिरोमणि आलू सिंह जी महाराज जिन्होंने श्री श्याम बाबा का प्रचार पूरे भारत एवं विश्व में किया उनकी 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित कर भजन गाकर भक्त अपनी अर्जी लगाएंगे। शुक्रवार दिनांक 3 अक्टूबर को पापमोचनी एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार अखंड ज्योति भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। दिनांक 6 अक्टूबर को श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। खाटूनरेश को श्वेत पोशाक श्वेत पुष्पों का भव्य श्रृंगार श्वेत प्रसाद श्वेत आभूषण पहनाए जाएंगे जो कि वर्ष में मात्र इसी दिन होता है।



## मार्ग तकनीकी समिति की बैठक में नगर प्रशासक ने दिया निर्देश

# राजधानी में बिना वैध परमिट वाले वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता । रांची

राजधानी रांची में सुचारू और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित मार्ग तकनीकी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को रांची नगर निगम में हुई। इसकी अध्यक्षता नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। नगर निगम की बाजार शाखा द्वारा प्रस्तावित नए पार्किंग स्थलों पर विचार किया गया। साथ ही तय हुआ कि अपर प्रशासक, उप प्रशासक, डीटीओ और पुलिस उपाधीक्षक संयुक्त रूप से इन स्थलों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा। नगर प्रशासक ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि बिना वैध परमिट वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रशासक ने कहा कि



रांची नगर निगम का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना नहीं, बल्कि नागरिकों को एक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात व्यवस्था भी देना है। हम पार्किंग प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने, वैध रूट परमिट की अनिवार्यता और ट्रैफिक की वास्तविक समस्याओं पर काम कर रहे हैं। समिति की सिफारिशों पर शीघ्र अमल होगा।निगम की इनफोर्समेंट टीम और ट्रैफिक पुलिस को यह निर्देश दिया गया कि चिन्हित पार्किंग स्थलों पर किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न हो। यदि ऐसा पाया जाता है, तो त्वरित कार्रवाई कर पार्किंग को व्यवस्थित किया जाएगा।इस मार्ग पर लगातार लगने वाले जाम की समस्या पर चर्चा की गई। टीम को निर्देशित किया गया कि वे इस पूरे मार्ग का अध्ययन करें और ट्रैफिक समाधान हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीटीओ और ट्रैफिक विभाग को निर्देश दिया गया कि वे उन मार्गों पर गहन जांच करें जहां ऑटो और ई-रिक्शा चल रहे हैं। बिना वैध परमिट वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।कई स्थानों पर वाहनों के टर्निंग पॉइंट पर परेशानी की जानकारी सामने आई है।
पुलिस विभाग, डीटीओ और नगर निगम के संयुक्त दल को ऐसे स्थलों की उपयोगिता का मूल्यांकन कर संयुक्त रिपोर्ट देने को कहा गया है, जिससे आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जा सकें। इनकी रही मौजूदगी बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक,

### चौक-चौराहों पर टर्निंग प्वाइंट

कई स्थानों पर वाहनों के टर्निंग पॉइंट पर परेशानी की जानकारी सामने आई है। पुलिस विभाग, डीटीओ और नगर निगम के संयुक्त दल को ऐसे स्थलों की उपयोगिता का मूल्यांकन कर संयुक्त रिपोर्ट देने को कहा गया है, जिससे आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जा सकें। इनकी रही मौजूदगी बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, अधीक्षण अभियंता, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, नगर प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर मे हुआ नारी शक्ति को समर्पित तलवार वितरण का कार्यक्रम

### नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व, नारी ही शक्ति का है स्वरूपः संजय सर्राफ

संवाददाता । रांची

पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 50 तलवारों का वितरण किया गया।यह आयोजन समाज में महिलाओं की भूमिका को सम्मान देने तथा आत्मरक्षा व शक्ति के प्रतीक स्वरूप एक सकारात्मक संदेश देने के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुई। सभी महिलाओं को तलवार का वितरण ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, पुजारी अरविंद पांडे, नंदकिशोर चौधरी, विशाल जालान तथा ट्रस्ट के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है और नारी ही शक्ति का स्वरूप है। आज की नारी केवल सहनशीलता की प्रतिमूर्ति नहीं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर अपने और समाज की रक्षा के लिए शस्त्र भी उठा सकती है। तलवारें सिर्फ एक प्रतीक हैं, जो आत्मविश्वास, साहस और सम्मान का प्रतिनिधित्व



करती हैं इस मौके पर क्षेत्र की कई महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। तलवार वितरण के दौरान उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा, इतिहास में नारी शौर्य, तथा सामाजिक जागरूकता पर आधारित संक्षिप्त भाषण भी दिए गए। यह कार्यक्रम केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं था, बल्कि समाज में नारी जागृति और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश था। ट्रस्ट के सदस्यों ने यह भी घोषणा की कि विजयादशमी के दिन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में विशाल अस्त्र-शस्त्र पूजन का आयोजन किया जाएगा। उस दिन विशेष रूप से 200 तलवारों का और वितरण किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल कर उनके आत्मबल और सुरक्षा की भावना को और सशक्त किया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सराहनीय पहल रहा।इस अवसर पर- नृत्य श्री डांस स्टूडियो की संयोजिका पिंकी सिंह, श्री राम सोनी,विद्या देवी अग्रवाल, अमिता जालान, सुमन चौधरी, अनुराधा सर्राफ, रेखा पोद्दार, ललिता पोद्दार, रिंकी पांडे, अनीता अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, सृष्टि पांडे, रजत अग्रवाल, पवन पोद्दार, श्रेष्ठ पांडे, आशीष कुमार, धीरज गुप्ता, सूरज कुमार, हरीश कुमार, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, मुरली कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## रांची में पागल कुत्ते का आतंक, 17 लोग घायल



संवाददाता । रांची

**रांची।** रांची ःतमाड़ इलाके में गुरुवार को एक पागल कुत्ते ने दहशत फैला दी। कुत्ता अचानक बेकाबू होकर तमाड़ से रायडीह, आमलेशा होते हुए करीब 10 किलोमीटर तक के रास्ते में 17 लोगों को काट लिया। घायलों में स्कूली बच्चे भी शामिल हैं, जो छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे।ग्रामीणों के अनुसार कुत्ता लोगों को देखते ही हमला कर देता और काटकर आगे बढ़ जाता। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। लोग अब सड़कों पर निकलने से भी डर रहे हैं।सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, वन विभाग से संपर्क करने पर भी विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## अचानक बदला मौसम का मिजाज और शुरू हो गई झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी



संवाददाता । रांची

रांची।ः शुक्रवार को राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य इलाकों में दोपहर लगभग 1:30 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और बादलों के भारी गर्जन के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। एक घंटे की तेज बारिश में शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई। रुक-रुक कर देर रात तक कभी तेज, तो कभी मध्यम दर्जे की बारिश होती रही। इस बीच रांची मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि झारखंड के विभिन्न जिलों में 30 सितंबर और एक अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलोअलर्ट जारी किया गया है।
मौसम विभाग की ओर से बतायागया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मंझरी में 21 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 34.6 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

विभिन्न जिलों में 30 सितंबर और एक अक्टूबर को भी बारिश की संभावना

.. मौसम विभाग ने जताई वज्रपात की भी आशंका, जारी किया येलो अलर्ट

.. पिछले 24 घंटे में पश्चिमी सिंहभूम के मंझरी में सर्वाधिक 21 मिलीमीटर दर्ज की गई वर्षा

## आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को शालीमार बाजार, एचईसी में धूमधाम से होगा रावण दहन समारोह

संवाददाता । रांची

रांची : 1968 से चली आ रही परंपरा को आलोक कुमार दूबे ने बताया असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक*
मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा झ रावण दहन आयोजन में उमड़ेगा लाखों का जनसैलाब, प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील
आलोक कुमार दूबे, संजीत यादव व समिति पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को दिया आमंत्रण
राजधानी रांची का सबसे पुराना रावण दहन, आलोक कुमार दूबे के मार्गदर्शन में बनेगा ऐतिहासिक झ मुख्यमंत्री व अन्य विशिष्ट अतिथि होंगे आमंत्रित



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विजयादशमी रावण दहन समिति, एचईसी के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने बताया कि इस वर्ष भी परंपरा के अनुरूप 2 अक्टूबर को शालीमार बाजार, एचईसी धुर्वा में धूमधाम से विजयादशमी रावण दहन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन कर असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन 1968 से लगातार होता आ रहा है और झारखंड एवं राजधानी रांची का सबसे पुराना रावण दहन है, जिसमें हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।
समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष संजीत यादव एवं पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पा नेहा तिर्की एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। दोनों मंत्रियों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है।आलोक कुमार दूबे ने कहा कि रावण दहन असत्य, अहंकार और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे आयोजन की भव्यता को और बढ़ाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से व्यापक सुरक्षा और अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

## शारदीय नवरात्र उत्सवश्याम मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे

संवाददाता । रांची

रांची ःशारदीय नवरात्र के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मां भगवती का पूजन अनुष्ठान विधि पूर्वक मंदिर के आचार्य ने यजमान संजीत चौधरी एवं रंजना चौधरी से करवाया । नवरात्र के दैनिक पूजन के बाद बाबा श्याम की श्रृंगार आरती होती है। इसके बाद देवी दुर्गा की आरती में मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा एवं अनेक भक्त उपस्थित रहते हैं। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मंदिर में एकम से नवमी तक मां जगत जननी का विधि विधान से पूजा अनुष्ठान एवं प्रातः एवं संध्या कालीन आरती होती हैं। खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार अश्विन अमावस्या के महास्नान के बाद आज खाटूनरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में संपन्न हुआ।कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए लाल गुलाब डच गुलाब जिप्सी माला रजनीगंधा फूल पीला गेंदा फूल मॉर्गन फुल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम श्रंगार किया गया। संध्या 5:30 बजे के उपरांत भक्तों ने बाबा के केसर चंदन तिलक श्रृंगार के दर्शन किए। श्याम बाबा को नवीन पोशाक बागा पहनाकर रूह के इत्र से मसाज कर पंचमेवा का भोग लगाया गया। केशर चंदन तिलक श्रृंगार के



पश्चात पंचमेवा का प्रसाद वितरण मण्डल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां ने किया। मां भगवती की संध्या कालीन आरती एवं गोपाल भोग आरती में सैकड़ो भक्तों ने अपनी हाजरी लगाई।
श्री श्याम भंडारा
शनिवार 27 सितंबर को 172 वे श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया है मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को श्री श्याम भंडारे में आमंत्रित किया है।
श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा
नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन 30 सितंबर को 173 वा सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया जाएगा। सुनील मोदी अपने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे।
महानवमी पूजन
महानवमी के अवसर पर प्रातः 7:15 बजे से नवमी पूजन अनुष्ठान कराया जाएगा। इसके बाद दैनिक आरती पाठ एवं हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। हवन पूणाहुति के बाद नवकन्याओं का पूजन भोजन प्रसादी एवं उपहार समर्पण किया जाएगा।
भक्तशिरोमणि आलू सिंह जी महाराज की पुण्यतिथि दिनांक 2 अक्टूबर प्रातः 9:15 बजे से भक्त शिरोमणि आलू सिंह जी महाराज जिन्होंने श्री श्याम बाबा का प्रचार पूरे भारत एवं विश्व में किया उनकी 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित कर भजन गाकर भक्त अपनी अर्जी लगाएंगे।
पापमोचनी एकादशी संकीर्तन
शुक्रवार दिनांक 3 अक्टूबर को पापमोचनी एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार अखंड ज्योति भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा।शरद पूर्णिमा महोत्सव दिनांक 6 अक्टूबर को श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। खाटूनरेश को श्वेत पोशाक श्वेत पुष्पों का भव्य श्रृंगार श्वेत प्रसाद श्वेत आभूषण पहनाए जाएंगे जो कि वर्ष में मात्र इसी दिन होता है।

## ब्रीफ न्यूज

### राँची में मोटर वाहन अधिनियम उल्लंघन के ई-चालान निष्पादन हेतु दो दिवसीय कैम्प का सफल आयोजन



संवाददाता । रांची

रांची : परिवहन विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार, जिला परिवहन कार्यालय, राँची तथा यातायात पुलिस, राँची के संयुक्त तत्वावधान में मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के उल्लंघन के कारण निर्गत ई-चालान के निष्पादन हेतु दिनांक 24 सितम्बर, 2025 एवं 25 सितम्बर, 2025 को दो दिवसीय विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में दो दिनों के दौरान ऑफलाइन मोड में 253 ई-चालान तथा ऑनलाइन मोड में 438 ई-चालान, कुल 691 ई-चालानों का निष्पादन किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से कुल 6,66,700.00 रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया। यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और मोटर वाहन अधिनियम के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने इस कैम्प के माध्यम से वाहन चालकों को नियमों का पालन करने और समय पर चालान का निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया। परिवहन विभाग, झारखण्ड भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।


### राँची। पुलिस ने जुआ खेलते हुए 18 लोगों को गिरफ्तार किया है,



संवाददाता । रांची

रांची ःराँची। पुलिस ने जुआ खेलते हुए 18 लोगों को गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस ने उनके पास से 3.34 लाख रुपया और अन्य सामान बरामद किया है।एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बीते 25 सितंबर की देर रात अरगोड़ा चौक स्थित आनंदपुरी चौक के पास स्थित राजकुमार साहू के किराए के मकान पर छापा मारा। कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते सभी लोगों को गिरफ्तार किया है।

### गिरिडीह-धनबाद रोड़ पर दर्दनाक हादसा, पिकअप वैन-ट्रक की टक्कर में 4 की मौत, कई घायल



संवाददाता । रांची

गिरिडीह : गिरिडीह-धनबाद रोड़ पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गिरिडीह के ताराटांड थाना क्षेत्र में ट्रक और पिकअप की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।शुक्रवार दोपहर बड़कीटांड में ट्रक और पिकअप वैन में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें 4 लोगों कि मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं हादसे हुए घायल लोगों को आनन झ फानन इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।
गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़की टांड़ मोड़ के पास आज शुक्रवार की दोपहर एक ट्रक और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गयी. इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं. सभी घायलों को गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया है, जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है.

### घासी समाज को जनजाति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर दिल्ली में ज्ञापन सौंपने का ऐलान



संवाददता

रांची, 25 सितंबर 2025: झारखंड के घासी समाज ने अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। दुर्गा पूजा के समापन के तुरंत बाद घासी समाज का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना होकर राष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तथा केंद्रीय जनजाति मंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। इस ज्ञापन के माध्यम से समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा प्रदान करने की मांग दोहराई जाएगी।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खरीदगी जमीन जिसका खाता संख्या - 8 प्लॉट संख्या -14 कुल रकबा -22 डिसमिल, थाना - खेलारी थाना संख्या - 14 जिला - रांची , वर्तमान अंचल - खेलारी जो मेरे मुवक्किल श्रीमती गुलशन आरा पति ताबे रसूल की खरीदगी जमीन जिसका दाखिल खारिज संख्या - 12 फ27 सन 1981 -82 जो साल दर साल भुगतान करते चली आ रही है जो जिसमें सिर्फ मेरे मुवक्किल का ही अधिकार है जिसके संबंध में एक दीवानी मुकदमा जिसका मुकदमा संख्या - 21 सन 2009 है जो रफीक खान , उनके भाई तथा लड़कों के विरुद्ध लंबित है । अत : कोई व्यक्ति अगर इसकी खरीद बिक्री , ए करारनामा , दान या बंधक करता है तो वह कानूनन अवैध तथा गलत होगा और वह व्यक्ति स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा ।

कृष्ण कुमार
अधिवक्ता
Enrl. No .1629 /2000

# दुर्गा पूजा शांति पूर्वक मनाने को लेकर डीसी और एसपी ने जिले के अधिकारियों को ब्रीफिंग दी

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी करवाई : एसपी कुमार गौरव



**लातेहार, संवाददाता**

दुर्गा पूजा पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा टाऊन हॉल में जिले अंतर्गत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त ब्रीफिंग दी, बैठक में जिले के सभी प्रखंडों एवं थाना स्तर के पदाधिकारियों को पूजा के दौरान शांति व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ,उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा जिलेवासियों के लिए आस्था और उल्लास का प्रतीक है, लेकिन इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए, उन्होंने सभी दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर समय से पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी निभाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें अथवा किसी भी समस्या या विवाद की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष या उच्च पदाधिकारियों को दी जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें, उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया, प्रत्येक दंडाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखें। पूजा पंडालों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन की व्यवस्था, मेडिकल सहायता और भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक पहल करें, इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को समय से प्रतिनियुक्त स्थलों पर पहुंच जाने का निर्देश दिया, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि जिले के सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी, चौक-चौराहों पर गश्ती दल की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके, साथ ही स्थानीय प्रशासन द्वारा नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई, ताकि दुर्गा पूजा का यह पावन पर्व शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके। जिला प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी अफवाह से बचें, सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक जानकारी को साझा न करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें ,24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम नंबर 06565झ247981 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 08987796308 एवं साईबर सेल के वॉट्सएप नंबर 6206159795 एवं मोबाइल नंबर 9229341575 पर अथवा 112 पर कॉल कर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में सूचना दें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, आईटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी उपस्थित थें,

# चोरों के आतंक से भय के साए में जी रहे हैं ग्रामीण : शंभू साव

**रामगढ़, संवाददाता**



इन दिनों पतरातू प्रखंड के बासल थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक अपने शबाब पर है। चोर तो मानो प्रशासन को खुली चुनौती आए दिन देते हैं और चोरी की घटनाओं को लगातार अंजाम देने में सफल होते जा रहे हैं। मगर प्रशासन को चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं में रोकथाम करने में लगातार असफलता ही हाथ आई है। कुछ दो एक घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो बाकी चोरी की घटनाओं में प्रशासन के हाथ खाली ही हैं। चोर खुलेआम बड़ी से बड़ी और छोटी सी छोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं चाहे वह मवेशियों की चोरी हो, मोटर पंप की चोरी हो, मंदिर से समरसेबल की चोरी हो या बड़ी-बड़ी चोरी की घटनाओं की बात करें बेखौफ तरीके से चोर इन घटनाओं को अंजाम देकर आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। मगर हम ग्रामीण तो सिर्फ डर और दहशत के साए में जी रहे हैं। उक्त बातें लबगा पंचायत के ग्राम रसदा निवासी शंभू साव ने कहीं। उन्होंने कहा कि कई बार हमारे यहां एयरटेल के टावर से तारों की चोरी होती आई है। जिसकी लिखित शिकायत हमने बासल थाना क्षेत्र में एयरटेल कंपनी के टेक्नीशियन चंद्रशेखर आजाद के साथ की है मगर वहां से भी प्रशासन के द्वारा हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला। चोरी की घटनाओं में रोकथाम अभी तक नहीं हो पाई है। 2 महीने में तीन बार हमारे टावर से तारों की चोरी की जा चुकी है। मगर उद्वेदन अभी तक नहीं हो पाया। शंभू साव ने कहा कि इन चोरी की घटनाओं में हमारे गांव के लोग ही सम्मिलित हैं। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन चोरों की गिरफ्तारी कर चोरी की घटनाओं में कमी लाने की कोशिश करें ताकि लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास कायम रहे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व बासल थाना के द्वारा एक बड़ी चोरी की घटना का उद्वेदन किया जा चुका है। जिसमें लाखों के चोरी के समान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार तथा ट्रैक्टर को जप्त किया गया था। यह पुलिस की बड़ी सफलता है। ग्रामीणों की मांग है इसी तरह से इन चोरों को भी पकड़ कर चोरी की घटनाओं का उद्वेदन किया जाए।

# गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**रामगढ़, संवाददाता**

वासरी कॉलोनी गिद्दी सी में शुक्रवार की सुबह तकरीबन 11 बजे दो बाईक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। एक सतकड़िया निवासी युवक की मौत हो गई, जबकि दो मिश्राईनमोढ़ा निवासी घायल हो गए, प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रेफर कर दिया गया, सूचना पर गिद्दी पुलिस पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक वाशरी कॉलोनी गिद्दी चिकन शॉप के समीप आमने सामने से आ रही दो मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई। सड़क के किनारे दुकानों पर खडे लोग अचानक हुए इस टककर से सकते में आ गए। अफरा तफरी मच गई, दुर्घटना में घायल बाइक सवार मिश्राईनमोढ़ा निवासी प्रेम बेदिया 35 वर्ष, किशोर बेदिया 40 वर्ष और सतकड़िया निवासी राजेश बेसरा को गिद्दी अस्पताल लाया गया। जहां राजेश बेसरा को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। घटना के बाद अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# डीसी-एसपी ने विभिन्न निमार्णाधीन दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, समितियों को दिए सुरक्षा संबंधी दिशा- निर्देश

**पलामू, संवाददाता**



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने शुक्रवार को जिले के छत्तरपुर व सदर अनुमंडल के विभिन्न निमार्णाधीन दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं पर विशेष निर्देश दिए। कहा कि पंडाल निर्माण में किसी भवन अथवा सड़क से कम से कम 15-20 मीटर दूरी एवं हाईटेंशन तार, रेलवे लाइन, ट्रांसफार्मर व अन्य विद्युत उपकरणों से 20-25 मीटर दूरी सुनिश्चित की जाये। निर्माण व मार्ग व्यवस्था में ज्वलनशील/ सिंथेटिक कपड़े का प्रयोग न किया जाये। प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग रखे जायें। मार्ग पर स्पष्ट दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाएं। भीड़ नियंत्रण हेतु महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएं। प्रत्येक पंडाल में पानी व बालू की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

**पुलिस अधीक्षक ने पूजा समितियों को निर्देशित किया**

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सभी समितियों से अपने वॉलिंटियर्स की सूची संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने की बात कही। कहा कि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए समन्वय व सहयोग बनाकर कार्य किया जाए।

**मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण**

छत्तरपुर, नावा बाजार व पंड़वा में पंडालों का निरीक्षण करने के पश्चात उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सिंगरा स्थित अमानत नदी तट का भी जायजा लिया। इस दौरान नदी की गहराई, विसर्जन मार्ग व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। विसर्जन के दिन भीड़ प्रबंधन व सुरक्षित विसर्जन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पलामू पुलिस आम जनता व सभी पूजा समितियों से अपील करती है कि वे निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें। पुलिस प्रशासन को सहयोग दें। शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा का आयोजन करें।

# भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने राज्यपाल से की मुलाकात



**बोकारो, संवाददाता**

बेरमो निवासी भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने रांची स्थित राजभवन में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से आज शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कार्यों पर लिखी अपनी नई पुस्तक मोदी की गारंटी : स्वस्थ भारत राज्यपाल संतोष गंगवार को भेंट की। इस पुस्तक की प्रस्तावना भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने लिखी है। इस पुस्तक में विस्तार से यह बताया गया है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोरोना महामारी का प्रभावी प्रबंधन किया। भारत में कोरोना महामारी के खिलाफ वैक्सीन विकसित करने की पूरी प्रक्रिया एवं दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीनेशन अभियान का विस्तृत उल्लेख इस पुस्तक में है। भारत के फार्मा सुपरपावर बनने से लेकर आयुष को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने की कहानी भी ये पुस्तक बयां करती है।

# काउंसिल ने ईसीएल मुख्यालय सकतोरिया में 25 सूत्री मांग पर की वार्ता

**एग्यारकुंड, संवाददाता**



ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी काउंसिल प्रतिनिधि ने गुरुवार को ईसीएल मुख्यालय में महाप्रबंधक कार्मिक पुण्यदीप भट्टाचार्य होड नजरुल इस्लाम और एसी स्टी संपर्क अधिकारी मनीष कुजूर को फूल की गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। ईसीएल काउंसिल महासचिव प्रभुनाथ पासवान ने बताया कि मजदूरों की समस्या पर चर्चा की शुरूआत हुई,जिसमें मुख्य मुदा एसएलपी, प्रमोशन, रोस्टर बैकलॉक डिग्नेशन, आवास, कलैंडर मीटिंग, नियमित करना इत्यादि मांग को रखा,जिसमें कई मांगो को त्वरित निष्पादन करने की चर्चा संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी से करते हुए निष्पादन करने की बाते कही और मांग पर उन्होंने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन भी दिया। इस बैठक में सभी एरिया से काउंसिल अध्यक्ष और एरिया सचिव उपस्थित हुए मुख्य रूप से धनंजय कुमार, विकास कुमार पासवान ,शशि वर्मा, विवेकानंद सिंह, जेपी राय,अशोक कुमार,जीतन पिंगुआ, प्रकाश कुर्मी बिपदतरण कर्मकार,दिलीप पासवान, श्रीराम महतो, गयासुद्दीन ,पीके बिंद, रणजीत केवट ,फैयाज हुसैन, पिंटू बाउरी,कृष्णा नंदन केवट ,काली चरण बाउरी,दिनेश महतो,महेंद्र नोनिया, जयपाल मुंडा,अरविंद शर्मा,पिंटू साह, नंदलाल नोनिया,आदि सम्मिलित हुए सभी बिंदुओं पर प्रबंधन ने सकारात्मक आश्वासन दिया। महासचिव प्रभुनाथ पासवान ने प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापन कर इस मीटिंग की समाप्ति की घोषणा की।

# सरस्वती विद्या मंदिर भूली में ओपन डे का आयोजन किया गया



**धनबाद, संवाददाता**

26 सितंबर को सरस्वती विद्या मंदिर भूली में ओपन डे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 की संख्या में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों ने अपने बच्चों की अर्ध वार्षिक परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन किया। कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्राचार्य रण सुमन सिंह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक के साथ-साथ माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। अभिभावकों को अपने बच्चे में हो रहे विकास को जानना अति आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम में समय निकालकर अभिभावकों को अवश्य उपस्थित होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने बड़ी रुचि के साथ अपने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन किया। अभिभावकों ने विद्यालय में पढ़ाई के मानक की प्रशंसा की। विद्यालय में हो रहे शैक्षणिक विकास की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी गण सक्रिय रहे।

# कार्निवल रेस्टोरेंट सील, हुक्का बरामद, बिना लाइसेंस चल रहा था रेस्टोरेंट

**धनबाद, संवाददाता**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर मेमको मोड़ पर स्थित कार्निवल रेस्टोरेंट को आज सील कर दिया गया। रेस्टोरेंट से हुक्का और चिलम भी बरामद किया गया। रेस्टोरेंट का लाइसेंस 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो गया था। संचालक ने लाइसेंस रिन्यू नहीं कराया और पिछले साढ़े तीन साल से बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट चला रहा था। इसके विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि एक ग्राहक ने कार्निवल रेस्टोरेंट के संबंध में जिला प्रशासन से शिकायत की थी और बताया था कि वहां अवैध रूप से ग्राहकों को हुक्का और चिलम दिया जाता है। सूचना मिलने के बाद फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ राजा कुमार ने टीम के साथ रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक से फूड लाइसेंस मांगा। संचालक ने जब लाइसेंस दिया तो वह 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो चुका था। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि रेस्टोरेंट में कुछ ग्राहक हुक्का और चिलम पी रहे थे। जब विभाग के राहुल कुमार अपने मोबाइल पर कार्रवाई का वीडियो बनाने लगे तब रेस्टोरेंट के मैनेजर और कर्मियों ने मोबाइल फोन छीनने का और हुक्का और चिलम छुपाने का प्रयास किया। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने तत्काल आला अधिकारियों और पुलिस उपाधीक्षक को सूचना दी। इसके बाद शीघ्र वहां पुलिस फोर्स पहुंच गई। तत्पश्चात रेस्टोरेंट को सील करने की कार्रवाई की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार बिना लाइसेंस कोई भी रेस्टोरेंट का संचालन नहीं कर सकता है। इसका उल्लंघन करने पर 10 लाख रुपए जुमार्ना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस भेज कर अभियोजन की कार्रवाई शुरू की जाएगी। साथ ही बताया कि ग्राहकों को हुक्का और चिलम देना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के समान है।

# कारो विस्तार में विस्थापित और ग्रामीण राष्ट्रहित में करें सहयोग : जीएम



**बेरमो, संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल बीएडके क्षेत्र के कारो परियोजना के विस्तार के लिए जंगल की कटाई शुक्रवार को शुरू हो गई है। जीएम चितरंजन कुमार के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद प्रबंधन पेड़ों की कटाई कर रहा है।? कहा कि विस्थापित ग्रामीण राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए कोलियरी विस्तार में सहयोग करें। जीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद प्रबंधन द्वारा जंगल पेड़ो की कटाई कर रही है। मौके पर एसओ माइनिंग के एस गेवाल, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओपी विनय रंजन टुडू, पीओ सुधीर सिन्हा, एरिया सेल ऑफिसर वी एन पांडेय, मैनेजर चिंतामणि मांझी, एसओ एलएंडआर शंकर कुमार, कारो सेफ्टी ऑफिसर संजय सिंह, मनीष माहेश्वरी, कमल कुमार सिंह आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# बीएसएल के गैर आवासीय भवनों में रक्षा उपकरण उत्पादन इकाई स्थापित करे रक्षा मंत्रालय : कुमार अमित

## संजय सेठ को ज्ञापन सौंप एनसीसी और बीएसएल विस्तारीकरण हेतु पहल करने की भी की मांग

**बोकारो, संवाददाता**



केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के गुरूवार को बोकारो आगमन के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने उनसे मिलकर बोकारो इस्पात प्रबंधन के बेकार पड़े जर्जर गैर आवासीय परिसरों में हल्का रक्षा उपकरण की उत्पादन इकाई लगाने की माँग की। कुमार अमित ने रक्षामंत्री से कहा कि पिछले दिनों रक्षा मंत्रालय के द्वारा राँची में आयोजित ह्लडिफेंस एक्सपोह्व के दौरान झारखण्ड में शुक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रकार के हल्का रक्षा उपकरण के उत्पादन इकाई लगाने के लिए राज्य सरकार से जमीन उपलब्ध कराने की माँग की गई थी। परन्तु राज्य के मुख्यमंत्री ने इस सम्बंध में कोई खास रूची नहीं दिखाई जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। रक्षा मंत्रालय बोकारो इस्पात प्रबंधन के गैर आवासीय परिसरों में इन इकाइयों को स्थापित करने की दिशा में इस्पात मंत्रालय से बात करनी चाहिए । रक्षा उपकरण के इन इकाइयों के बोकारो के बेकार पड़े बड़े क्षेत्रफल वाले गैर आवासीय भवनों में स्थापित होने से इन परिसरों का सदुपयोग भी होगा, बोकारो के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार भी मिलेगा, बोकारो की आर्थिक प्रगति भी होगी और यहाँ का सामाजिक माहौल भी अनुशासित होगा। बोकारो इस्पात उत्पादन के साथ साथ रक्षा उत्पाद के लिए भी जाना जाएगा। कुमार अमित ने बोकारो के सिटी कॉलेज, रणविजय कॉलेज, चास कॉलेज, केबी कॉलेज सहित राज्य के सभी स्कूल कॉलेजों में बंद पड़े नेशनल कैडेट कॉर्पस का प्रशिक्षण को पुनः छात्र-छात्राओं के लिए प्रारंभ करवाने और बीएसएल विस्तारीकरण परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करवाने की दिशा में पहल करने की भी माँग रक्षा मंत्री से की। बोकारो में पूर्व सैनिकों की समस्या से भी श्री संजय सेठ को कुमार अमित ने अवगत कराते हुए उसके समाधान के लिए भी ज्ञापन ज्ञापन दिया। रक्षा मंत्री ने इन विषयों पर पहल करने का आश्वासन भी कुमार अमित को दिया।

# नित्यानंद मंडल की धर्मपत्नी डॉ. किमी मंडल ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्टेशनरी किट



**धनबाद, संवाददाता**

दुर्गा पूजा और नवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल की धर्मपत्नी डॉ. किमी मंडल ने आज जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी किट बांटे। इस अभियान के तहत, बच्चों को कॉपी, कलम, पेंसिल, किताबें और ज्यामिति बॉक्स दिए गए ताकि वे बिना किसी रुकावट के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। यह अभियान केशव केयर फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका पहला चरण 23 सितंबर को हीरक रोड स्थित हरिजन बस्ती में पूरा हुआ था। आज 25 सितंबर को, इस अभियान का अगला चरण अलकडीहा कोलियरी में आयोजित किया गया, जहां बच्चों में स्टेशनरी किट वितरित किए गए। इस मौके पर केशव केयर फाउंडेशन के निदेशक अंकित कुमार ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि उनकी संस्था का लक्ष्य समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है।

